प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर से बदला राज्य में मौसम का मिजाज, कई हिस्सों में कल आंधी और बारिश से बिजली सेवा और जनजीवन प्रभावित, अगले पांच दिनों तक बारिश का पूर्वानुमान।

- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र का करेंगे दौरा, चन्द्रपुर और गढ़चिरौली से भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में करेंगे चुनाव प्रचार ।

- रांची में 21 अप्रैल को आयोजित होने वाली उलगुलान रैली को सफल बनाने में जुटा झामुमो, कल्पना सोरेन ने इंडी गठबंधन के नेताओं के साथ बनायी रणनीति।

- स्वीप के तहत राज्य भर में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम, वोटर स्लिप मिलने के बाद मतदान से पहले अपना बूथ देखने की अपील, गोड्डा में पीवीटीजी मतदाताओं को किया गया जागरूक।

○ और

- आज रात 9 बजकर 12 मिनट से लगेगा पिछले पांच दशकों का लंबा सूर्य ग्रहण, भारत छोड़कर अमेरिका, इंग्लैंड, मैक्सिको समेत कुछ अन्य देशों में दिखेगा ग्रहण।

*******************

बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर से राज्य में मौसम का मिजाज बदल गया है। कल रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आंधी और बारिश से एक ओर जहां गर्मी से राहत मिली है वहीं दूसरी ओर जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। कई क्षेत्रों में आंधी के कारण बिजली के तारों को नुकसान पहुंचने से बिजली सेवा प्रभावित हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में 12 अप्रैल तक वर्षा हो सकती है। राजधानी और आसपास मेघ गर्जन के साथ आंशिक बादल छाए रहेंगे। इस दौरान गरज के साथ वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के संकेत हैं। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है।

*******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम महाराष्ट्र के चंद्रपुर का दौरा करेंगे जहां वे चंद्रपुर और गढ़चिरौली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करेंगे। मोरवा हवाई अड्डा मैदान में होने वाली सार्वजनिक बैठक में राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेता और महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन के नेता शामिल होंगे। प्रधानमंत्री आज छत्तीसगढ के बस्तर जिले में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मोदी बस्तर के भानपुरी में विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगे। पहले चरण के अंतर्गत बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

इधर इंडी गठबंधन में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी मध्य प्रदेश में और सचिन पायलट राजस्थान में चुनावी रैली करेंगे।

*******************

रांची के प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को होने वाली झामुमो की न्याय उलगुलान महारैली को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मुर्मू ने गठबंधन नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान महारैली की सफलता के लिए रणनीति पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद के मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत कई नेता शामिल हुए।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में ईद, सरहुल और रामनवमी के दौरान विधि– व्यवस्था बनाए रखने के लिए खास निर्देश दिए गए हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर राज्य भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में मतदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने उपस्थित लोगों को चुनाव से संबंधित कई जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि 25 मई को रांची लोकसभा क्षेत्र में वोट डाले जायेंगे। मतदान से पहले संबंधित बीएलओ की ओर से घर–घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची मिलने के बाद मतदान से पहले अपनी सहूलियत के लिए अपना बूथ जरूर देख लें। इधर गोड्डा जिले में आगामी 1 जून को होने वाले चुनाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम स्वीप चल रहा है. जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले पीवीटीजी (पहाडिया )मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत गोड्डा जिला अंतर्गत सुंदरपहाड़ी प्रखंड के सुदूर पीवीटीजी ग्राम महुआटांड में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

*******************

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन वापस लेने का आज अंतिम दिन है। इस चरण में 12 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसमें बाहरी मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र के कुछ हिस्से भी शामिल हैं।

*******************

लोकसभा चुनाव को लेकर खूंटी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है कि अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री और राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशासन को उसकी सूचना दें। संबंधित एफएसटी टीमों द्वारा तोरपा कर्रा मोड अड़की, अड़की, कर्रा, तोरपा, मुरहू के विभिन्न स्थानों पर भी सघन जांच अभियान चलाया गया

*******************

गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र स्थित डुको सिकवार गांव में कोयल नदी पर चल रहे पुल निर्माण कार्य को लेवी के लिए अज्ञात उग्रवादियों ने बंद करवा दिया है। इस खबर के सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए गुमला एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन करने का निर्देश दिया

*******************

आज रात 9 बजकर 12 मिनट से साल का पहला और लंबा सूर्य ग्रहण लगेगा। भारत छोड़कर अमेरिका, इंग्लैंड, मैक्सिको समेत कुछ अन्य देशों में ग्रहण दिखेगा। नासा के अनुसार ये एक पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा, जिसे मेक्सिको, अमेरिका और कनाडा में रहने वाले लोग नंगी आंखो से देख सकेंगे। ये पिछले पांच दशकों को सबसे लंबा सूर्य ग्रहण होगा।

*******************

आईपीएल क्रिकेट में कल लखनऊ सुपर जाइंट्स ने लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई एकना क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस को 33 रन से हरा दिया। एक सौ चौसठ रनों के विजय लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस 18 ओवर और पांच गेंदो में 130 रन ही बना सकी।इससे पहले मैच में मुंबई इंडियंस ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराया।आज चेन्नई सुपरकिंग्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होगा

*******************

अखबारों की सुर्खियां–1

राजधानी रांची से छपने वाले लगभग सभी अखबारों ने लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गहमागहमी की खबरों को अपनी सुर्खी बनाई है। राज्य में बदले मौसम की खबर भी सुर्खियों में है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पीएम मोदी की बिहार और पश्चिम बंगाल में दूसरी जनसभा, इधर कल्पना ने गठबंधन में शामिल दलों से सहयोग मांगा। हिन्दुस्तान अखबार ने लिखा है – रांची में उलगुलान न्याय रैली के लिए कल्पना सोरेन ने गठबंधन नेताओं के साथ की बैठक।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – ट्रैकमैन की सतर्कता से मैक्लुस्कीगंज –टोरी के बीच टला बड़ा हादसा।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – तीन तस्कर 7 नाबालिग के साथ हटिया स्टेशन से धराए, आरपीएफ की नन्हे फरिश्ते और फ्लाइंग टीम ने पकड़ा। राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है मुख्य सचिव के नाम से फेक व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर लोगों से ठगी का प्रयास। रांची एक्सप्रेस का शीर्षक है – सूर्य ग्रहण आज, अंतरिक्ष में दिखेगा दुर्लभ नजारा।

कांग्रेस अगले सप्ताह अमेठी, रायबरेली पर कर सकती है फैसला हिन्दुस्तान टाइम्स ने इस खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

और टाइम्स ऑफ इंडिया ने प्रधानमंत्री के नवाद में चुनावी सभा की खबर को अपनी पहली सुर्खी बनाई है।

*******************